राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur



हवामहल

बच्चों का झरोखा

15 जुलाई 2023: शनिवार: वर्ष – 04: अंक – 13

पानी बरसा छम छम छम

आज की कविता

बारिश आ गई है और उसकी छम छम भी शुरू हो गई है। बारिश में भीगना और बारिश से बचने के लिए भागना दोनों ही मजेदार है । कभी छाता लगाकर जमीन में भरे पानी पर छप छप करो तो कभी छाता उल्टा करके उसमें बारिश का पानी भरो। ये बारिश का मजेदार मौसम बारिश की कविता के बिना अधूरा है। तो आइए सुनते हैं बारिश की कविता। चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Infobells

जादुई पेंसिल

आज की कहानी

छोटू को बूढ़े बाबा ने एक पेंसिल दी। छोटू उससे जो भी चित्र बनाता वह सच्ची का हो जाता । छोटू ने फल और मिठाइयों के चित्र बनाए और सबको बाँट दिए। राजा को इस बात की खबर लग गई। वो पेंसिल से अपने लिए हीरे का सिंहासन बनवाना चाहता है । अब क्या होगा ? क्या राजा पेंसिल छीन लेगा। देखते हैं ये कहानी। चित्र पर क्लिक करो।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Baby Bee TV

दोस्ती

आज की किताब

हमारी ज़िंदगी में अलग-अलग तरह के दोस्त आते हैं। वे कहानियाँ सुनाते हैं, उपहार लातें हैं, देखभाल करते हैं और आपसे झगड़ा भी कर सकते हैं। लेकिन दोस्तों के बिना क्या यह दुनियां हमारे लिए कैसी होगी? इसके अलावा हमारे दोस्त और क्या-क्या करते हैं? जानने के लिए पढ़ते है यह कहानी । चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read



आकाश कंदील

आज की गतिविधि

जगमग करते सितारे, जुगनू और आकाश दीप किसे नहीं लुभाते। हम मामूली गत्ते के टुकड़े, कुछ पतंगी कागज, कैंची व गोंद की मदद से एक आकर्षक घनाकार लालटेन या आकाश कंदील बना सकते हैं। इसे अपनी छत पर बांस के सहारे लटकाकर हम इसका आनंद ले सकते हैं । तो आइये इसे बनाने की पूरी विधि का विडिओ देखते हैं । चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindguptatoys

थीम आधारित शिक्षण

टीचर्स कॉर्नर

पूर्व प्राथमिक, अर्थात नर्सरी कक्षाओं में स्कूल की तैयारी के नाम पर काफी जल्दबाजी देखने को मिलती है। क्या सिखाया जाना चाहिए? कैसे सिखाया जाना चाहिए? किस चीज को सिखाने का क्या मकसद है? इस पर पर्याप्त समझ होना बहुत जरूरी है। पारुल बत्रा दुग्गल अपने आलेख में इन्हीं मसलों पर अनुभव परक बातें रख रही हैं। पढने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

लापता पानी का मामला

हमारा पुस्तकालय

गाँव और शहरों के बीच संसाधनों का असमान बंटवारा बहुत तरह की समस्याओं की जड़ है। लेकिन ताकतवर द्वारा कमज़ोर का शोषण और लूट की प्रवृत्ति एक अलग ही विषय है। "लापता पानी का मामला" किताब इस मुद्दे की ओर इशारा करती है। अब्दुल शरीफ ने इस किताब की समीक्षा करते हुए इसी मुद्दे पर चर्चा की है। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Parag



#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 168वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।